

मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों के साथ बुधवार को परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में मु.मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बजट की घोषणाओं को पूरा करने के संदर्भ में किसी भी स्तर पर कार्यवाही लंबित नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि घोषणाओं को पूरा करने में अगर कोई बाधा आती है तो उन्हें चिन्हित कर उनका त्वरित निस्तारण किया जाये।

# नकली नोट छापने की मशीन और 24 लाख रू. के नकली नोटों की खेप पकड़ी

## सूरतगढ़ के फ्लैट में छापे जा रहे थे नकली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर सहित अन्य सामान भी जब्त

- चंडीगढ़ पुलिस के पांच अधिकारियों ने सूरतगढ़ के फ्लैट में रेड की।
- आरोपियों ने हवाला कारोबार के जरिए ही हरियाणा-पंजाब और राजस्थान के बड़े शहरों में नकली नोट चलाना कबूल किया।

श्रीगंगानगर, 4 सितम्बर निसं)। श्रीगंगानगर में नकली नोट छापने की मशीन के साथ 24 लाख रुपए के नकली नोटों की खेप पकड़ी गई है। चंडीगढ़ पुलिस की स्पैशल टीम ने ये कार्रवाई बुधवार सुबह सूरतगढ़ की ग्रीन वैली कॉलोनी के एक फ्लैट में छापा मारकर की। चंडीगढ़ पुलिस के पांच अधिकारियों ने इस रेड में 24 लाख रुपए के नकली नोटों की खेप पकड़ी है। वहीं नकली नोट बनाने में इस्तेमाल लैपटॉप, प्रिंटर सहित अन्य सामान भी जब्त किया है।

पंचकूला सैक्टर-20 थाने सब इंस्पैक्टर अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी यहां से बड़ी संख्या में नकली नोट छापकर कई बड़े शहरों में नोटों की सप्लाई करते थे। वहीं आरोपियों के हवाला कारोबार से भी जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। शुरुआती पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हवाला कारोबार के जरिए ही हरियाणा-पंजाब और राजस्थान के बड़े शहर चंडीगढ़, पटियाला, पंचकूला और श्रीगंगानगर में ये नकली नोटों को चलाना कबूल किया है। 1 सितंबर को चंडीगढ़ पुलिस की टीम ने सूरतगढ़ कस्बे के राजियासर थाना इलाके के गांव बीरमाना के रहने वाले रामचंद्र और सुजानगढ़ के रहने वाले जितेन्द्र सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। दोनों ने पूछताछ के दौरान नोट छापने के इस अड्डे का खुलासा किया था।

पंचकूला (चंडीगढ़) में 3 अगस्त को रोहित भूटानी (45) नाम के एक शख्स ने पुलिस को शिकायत दी थी। रोहित ने पुलिस को बताया कि था कि वो रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करता है। 14 जून को जितेन्द्र उर्फ जीतू नाम के एक आदमी ने 2.50 लाख रुपए कपड़ा खरीदा। इसके लिए उसने कैश पेमेंट की थी। रोहित ने बताया कि जब इससे मैंने किसी और को पेमेंट किया तो पता चला कि जितेंद्र से प्राप्त हुई सारी करंसी नकली है। इसके बाद, जब उन्होंने जितेन्द्र से संपर्क करने की कोशिश की तो पाया कि दोनों मोबाइल नंबर बंद थे। इस पर रोहित भूटानी ने पंचकूला थाने में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को चंडीगढ़ पुलिस सूरतगढ़ पहुंची थी।

# बजट घोषणाओं व लक्ष्यों को अधिकारी तय समय में पूरा करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने परिवर्तित बजट की घोषणाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये

- सरिस्का, रणथम्भौर व घड़ियाल अभ्यारण्य, कोटा के ईको सैंसिटिव ज़ोन का मास्टर प्लान बनेगा।
- कैप्टिव पावर उत्पादन की सीमा 200 प्रतिशत करने तथा खुले बोरवैल रखने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जयपुर, 4 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समर्पण-निष्ठा के साथ राज्य सरकार की घोषणाओं एवं लक्ष्यों को तय समय में पूरा करें।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 की घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नैंस का मॉडल स्थापित करके आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है। बजटीय घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कार्यवाही लंबित नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सरिस्का, रणथम्भौर एवं कोटा चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य को इकोसैंसिटिव ज़ोन में चिन्हित कर मास्टर प्लान बनाने, मेडिकल कॉलेजों में हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने, ऊर्जा उत्पादन के लिए निजी क्षेत्र को अधिक प्रोत्साहन देते हुए कैप्टिव पावर उत्पादन की सीमा को 200 प्रतिशत करने, स्टेट कैरिज वाहनों के लिए उप नगरीय श्रेणी के 40 नए मार्ग बनाने, जैसी कई बजट घोषणाओं की समीक्षा कर उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नगरीय विकास विभाग को जयपुर मैट्रो के विस्तार के लिए जॉइन्ट वेंचर कंपनी पर शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए। शर्मा ने वित्त विभाग को स्मार्ट सिस्टम के अंतर्गत ऑटोमेटेड सर्विस डिलिवरी सुविधा शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के माध्यम से आमजन को 25 सेवाएं 24 घण्टों की सीमा में उपलब्ध करवायी जाएंगी। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए आर.जी.एच.एस. के अंतर्गत लंग्स, किडनी एवं स्किन आदि से संबंधित बीमारियों से संबंधित निःशुल्क विशेष पैकेज शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश का अनुकूल माहौल बनाने के लिए कार्य कर रही है। ऊर्जा भण्डारण नीति-2024 एवं नई पर्यटन नीति के साथ-साथ बजट में भी अन्य कई महत्वपूर्ण नीतियों की घोषणा की गई है। जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहे "राइजिंग राजस्थान" समिट के परिप्रेक्ष्य में इन नीतियों को शीघ्र ही अंतिम रूप प्रदान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को प्रदेश में खुले बोरवेल रखने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले बोरवेल से जनहानि का खतरा रहता है। ऐसी कई घटनाएं प्रदेश के कई अंचलों में हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय दल नियमित निरीक्षण करें और खुले बोरवेल रखने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। विभागीय शासन सचिव श्री समित शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि खुले बोरवेल पर निगरानी एवं कार्रवाई करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 'होम लोन के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने इंदिरा गांधी नगर में वर्ष 2010 में आवास खरीदा था। एस.बी.बी.जे. बैंक की ओर से उसे 10.69 लाख रुपए का लोन स्वीकृत किया गया। साथ ही, होम लोन के बीमा कवर के रूप में 1.34 लाख रुपए की कटौती की गई। इस दौरान परिवादी को आश्वस्त किया गया कि यदि वह बीमा नहीं चाहेगा तो यह राशि उसे लौटा दी जाएगी। परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने जनवरी, 2011 में लोन की पहली किस्त का भुगतान कर दिया। जब परिवादी ने बीमा कवर के रूप में काटी राशि लौटाने को कहा तो उसे बीमा पॉलिसी बॉन्ड की कॉपी भेज दी गई। परिवादी ने बीमा पॉलिसी के संबंध में असहमति जता दी। परिवाद में कहा गया कि बाद में, बीमा कवर के रूप में काटे गए उसके 1.34 लाख रुपए के बजाए 92,941 रुपए ही तीस मई, 2011 को लौटाए गए। इस प्रकार परिवादी से 41,059 रुपए की अवैध रूप से कटौती की गई है।

मामले पर सुनवाई करते हुए आयोग ने काटी गई राशि ब्याज सहित लौटाने के आदेश देते हुए बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाया है।

## राजस्थान पुलिस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाने से रह गए थे। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों संबंधी स्पष्टीकरण को इन सेवा नियमों में शामिल करने के लिए नियमों में संशोधन के प्रारूप का आज मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन किया गया।

# जैसलमेर : दलित युवती से पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया

- गैंगरेप के चार आरोपी युवकों को पकड़ा, एक युवक की तलाश जारी।
- युवती बाहरी जिले की है और जैसलमेर में किराये के कमरे में पढ़ाई कर रही है ।

जैसलमेर, 4 सितम्बर (निसं)। जैसलमेर के महिला थाना क्षेत्र में एक युवती ने बुधवार को गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया है। युवती ने 28 अगस्त की रात पांच युवकों द्वारा उसे जैसलमेर लाकर किसी जगह पर नशा करवाकर उसके साथ रेप करने का आरोप लगाया है। महिला थाने ने दलित युवती के साथ गैंगरेप का मामला दर्ज कर चार आरोपी युवकों को पकड़ लिया गया है, वहीं एक युवक की तलाश जारी है।

महिला अपराध प्रकोष्ठ की ए.एस.पी. प्रियंका कुमावत ने बताया कि युवती बाहरी जिले की है और जैसलमेर में पढ़ाई कर रही है। युवती ने पांच युवकों पर जैसलमेर के किसी गांव से उसे जैसलमेर शहर लाकर नशा करवाकर उसके साथ गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। प्रियंका कुमावत ने बताया कि हमने मामला दर्ज कर लिया है और चार युवकों को पकड़ लिया है। एक युवक की तलाश जारी है। ए.एस.पी. राजेश शर्मा इस मामले की जांच कर रहे हैं। प्रियंका कुमावत ने बताया कि युवती जैसलमेर के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में पढ़ाई कर रही है और गांव में ही कमरा किराये पर लेकर अकेली रहती है।

दो सितंबर को युवती नशे की हालत में ग्रामीणों को गांव में मिली थी। उसे सदर थाना पुलिस द्वारा हॉस्पिटल लाकर इलाज करवाया गया। उसे इलाज के बाद सखी केन्द्र में रखा गया। युवती के परिजनों के आने के बाद युवती ने गांव के ही पांच युवकों पर 28 अगस्त को उसके साथ गैंगरेप करने की शिकायत की। परिजनों द्वारा पुलिस को इसकी जानकारी दिये जाने के बाद बुधवार को महिला थाना पुलिस में युवती से गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया गया है।

## जनता नाखुश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बंगाल की जनता बहुत ज्यादा आक्रोशित एवं आवेशित थी तथा इस निर्णय पर बहुत निराश एवं हताश थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने रेप और हत्या के इस केस को कलकत्ता उच्च न्यायालय से स्वप्रेरणा से ही अपने हाथों में लिया था।

चूँकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस केस को अपने हाथ में ले लिया था, इसलिए कलकत्ता उच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई रोक दी गई। इन परिस्थितिथियों में, केस को आगे के लिए टाल देने का निर्णय बहुत बड़ी एवं गहरी चिन्ता का विषय बन गया है। जिस तरह से इस केस को दबाया या टाला जा रहा है, उसे लेकर लोग गहरी निराशा व्यक्त कर रहे हैं।

जो भी हो, रवीन्द्र नाथ टैगोर लोगों के मुख्य हथियार बने हुए हैं तथा कवीन्द्र रवीन्द्र के बहुत से गीत विरोध-प्रदर्शन के विभिन्न स्थलों पर गूँज रहे हैं। बहुत-से बुद्धिजीवी, अग्रणी अभिनेता तथा अभिनेत्रियाँ अब इन विरोध-प्रदर्शनों का हिस्सा बन गए हैं।

जनसामान्य के झुंड के झुंड डॉक्टरों तथा नर्सों से लेकर पैरा-मेडिकल स्टाफ व अन्य प्रोफेशनल्स के विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ते जा रहे हैं।



पेरिस पैरालिंपिक की तीरंदाजी स्पर्धा में हरविंदर सिंह ने गोल्ड मैडल जीत लिया है। पैरालिंपिक के इतिहास में भारत ने पहली बार तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। बुधवार को मेन्स इंडिविजुअल रिकर्व ओपन के फाइनल मे 33 वर्षीय हरविंदर ने पोलैण्ड के लुकाज सिजेक को 6-0 से हराया। मौजूदा पैरालिंपिक गेम्स में भारत का ये चौथा गोल्ड मैडल है। हरविंदर के गोल्ड मैडल के साथ ही भारत के पदकों की संख्या अब 22 हो गई है। भारत अब तक 4 गोल्ड, 7 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज़ मैडल जीत चुका है।

## दो राज्य, एक संकट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने इन दोनों से निवेदन किया कि बाढ़ से हुई तबाही को प्राकृतिक आपदा के रूप में लिया जाये। केन्द्र ने तुरन्त सक्रिय होते हुये, लोगों को बचाने हेतु 10 एन.डी.आर.एफ. टीमें, 40 पॉवर वोट तथा 6 हेलिकॉप्टर उपलब्ध करा दिये। और अब पड़ोसी राज्य तेलंगाना की स्थिति कभी नायडू के शिष्य एवं सहकर्मी रहे, कांग्रेस नेता तथा राज्य के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी ने नायडू से मदद का अनुरोध करते हुये कहा कि उन स्थानों पर राहत-सामग्री भेजें, जहाँ तेलंगाना प्रशासन नहीं पहुँच सकता तथा मुख्यमंत्री स्वयं राज्य में बचाव कार्य तथा राहत की कार्यवाही के निरीक्षण के लिये निकल पड़े।

वारंगल के लिये रवाना हुये मुख्यमंत्री रेड्डी ने केन्द्र सरकार से इस भंयकर बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का अनुरोध किया। तेलंगाना में बाढ़ के कारण, अभी तक 16 लोग मर चुके हैं तथा सैंकड़ों लोग बेघर हो गये हैं। 2 सितम्बर को सुबह-सुबह ही सड़क मार्ग से बाढ़ प्रभावित वारंगल के लिये रवाना होने से पहले, रैवन्त रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पुलिस बटालियनों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण उपलब्ध करायें तथा कुछ प्रशिक्षण डी.डी.आर.एफ. को भी उपलब्ध करायें।

## राजस्थान में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अनिल सरसावन और उदयपुर के पर्यावरण वैज्ञानिक एवं सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक डॉ. सतीश शर्मा ने यहां एक अनोखी फंगस की खोज की है। इस फंगस का वैज्ञानिक नाम स्पिरोबोलस जयसुखियेंसिस है, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच इसे "गोले दागने वाली फंगस" के नाम से जाना जाता है। डॉ. शर्मा ने बताया कि जब इस फंगस को छुआ जाता है, तो यह छोटे-छोटे काले रंग के गोले यानी बीजाणुओं की तेजी से बरसात करती है, मानो कोई तोप गोले दाग रही हो। यही कारण है कि इसे अंग्रेजी में 'आर्टिलरी फंगस' कहा जाता है। अगर आप सफेद कपड़े पहने हुए इस फंगस को छू लें तो ये गोले आपके कपड़ों पर चिपक जाएंगे और दूर से ही दिखाई देंगे। डॉ. सरसावन और डॉ शर्मा के मुताबिक राजस्थान में इसकी उपस्थिति पहली बार और भारत में दूसरी बार दर्ज की गई है। इससे पहले भारत में इस फंगस की उपस्थिति गुजरात में 2020 में दर्ज की गई थी। मांडलगढ़ के राजपुरा गांव में तालाब के किनारे जमा कचरे में यह फंगस पाई गई। इस शोध को तमिलनाडु से प्रकाशित स्पीशीज जर्नल के 25वें अंक में प्रकाशित किया गया है। डॉ. सरसावन और डॉ. शर्मा के अनुसार इस शोध से यह साफ हो गया है कि जैव विविधता सिर्फ संरक्षित क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि हमारे गांवों के खेतों, तालाबों और चरागाहों में भी भरपूर पाई जाती है। हमें इन शामलात संसाधनों के महत्व को समझना होगा और इन पर लगातार शोध करते रहना होगा ताकि कई अज्ञात प्रजातियों को सामने लाया जा सके व संरक्षण किया जा सके।

# पायलट ने शहीद हवलदार अनय सिंह की मूर्ति का अनावरण किया

- पायलट ने नाहिड़ा में श्री बाबू महाराज जी के वार्षिक मेले पर आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में भी भाग लिया।

महुवा, दौसा, 4 सितम्बर (निस)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गांव सिकंदरपुर (महुवा, दौसा) में शहीद हवलदार अनय सिंह की मूर्ति का अनावरण किया। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सचिन पायलट का भव्य स्वागत - सत्कार किया।

यहाँ पर पायलट ने जब लग्ज़री गाड़ी छोड़ ट्रैक्टर की स्टियरिंग थामी तो कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट के समर्थन में नारे लगाए।

ट्रैक्टर के आगे सचिन पायलट का कटआउट भी लगा हुआ था। काफी संख्या में लोग उनके साथ सैल्फी लेने का प्रयास कर रहे थे। इस अवसर पर पायलट ने कहा, "पेपर लीक की जांच आखिरी तह तक पहुंचनी चाहिए। मैने शुरु में ही कहा था कि आर.पी.एस.सी. को पुनर्जीवित करना पड़ेगा। इस मामले का पूरी तरह खुलासा होना चाहिए । चाहे बड़ा से बड़ा कोई भी व्यक्ति हो, उसका नाम सामने आना चाहिए और उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।" इसके अलावा पायलट ने नाहिडा, सिकंदरपुर में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन व श्री बाबू महाराज जी के वार्षिक मेले में शिरकत की।

इस अवसर पर सांसद मुरारी लाल मीणा, सांसद भजन लाल जाटव, सांसद संजना जाटव, विधायक मांगी लाल मीणा, विधायक अनिता जाटव, पूर्व विधायक गजराज खटाना, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह महुवा एवं बड़ी संख्या में बाबू महाराज के भक्तगण मौजूद थे।

## भाजपा मीडिया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केन्द्र शासित प्रदेश में अगली सरकार भाजपा के नेतृत्व में गठित होगी। माधव ने कहा, "यह एक ऐतिहासिक चुनाव होगा।"

## वायनाड पीड़ितों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वायनाड से सांसद भी रह चुके हैं। वायनाड की त्रासदी के लिए अपनी तनख्वाह दान करने को लेकर राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, "वायनाड में हमारे भाई-बहनों ने एक बहुत बड़ी त्रासदी का सामना किया है और उन्हें हमारे समर्थन की जरूरत है ताकि वे अपने नुकसान से उबर सकें। मैंने अपने एक महीने की तनख्वाह बाढ़ पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए दान कर दी है। मैं सभी भारतीयों से गुजारिश करता हूं कि जितना हो सके मदद करें क्यों हर छोटी मदद मायने रखती है।" आपको बता दें कि गत वायनाड में हुये भूस्खलन और बाढ़ की चपेट में आने से करीब 240 लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने वायनाड के पुनर्निर्माण के लिए लोगों से कांग्रेस केरल के फंड में योगदान देने की अपील भी की। राहुल गांधी ने कहा, "वायनाड हमारे देश का एक खूबसूरत हिस्सा है, और हम सब मिलकर यहां के लोगों की जिंदगी को फिर से पटरी पर ला सकते हैं।"

## नायडू आंध्र में भारी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इससे राजनैतिक हलकों में अटकलों का बाज़ार गर्म हो गया है।

तेंलगाना के राजनैतिक विश्लेषकों ने कहा कि चन्द्रबाबू भले ही अपने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए यह कह रहे हो पर तेलगांना में नए सिरे से पार्टी को खड़ा करना भारी चुनौती साबित होगी।

भाजपा व बी.आर.एस. के बीच सांठगांठ की चर्चा इतनी ज्यादा है कि बी.आर.एस. का इससे निकल पाना कठिन हो रहा है। इसके अलावा राज्य में कांग्रेस के पुनर्जीवित होने के बाद तेलंगाना की राजनीति में फिलहाल ना तो भाजपा की जगह है ना ही तेलुगूदेशम की जब से आंध्र का विभाजन हुआ है तब से तेलंगाना में पैर जमाने की तेलुगूदेशम पार्टी की हर कोशिश बुरी तरह फेल हो गई है।

तेलंगाना में 2018 से पूर्व टी.डी.पी. से नेताओं के बाहर जाने का सिलसिला शुरु हुआ था। सबसे पहले तेलंगाना में तेलुगूदेशम के अध्यक्ष एल.रामन्ना ने पार्टी छोड़ी थी और वे बी.आर.एस. में चले गए थे उसके बाद तो कई नेताओं ने तेलुगूदेशम छोड़ दी थी तब के.सी.आर. कहते थे कि वे तेलुगूदेशम को खाली कर देंगे और वास्तव में वही हुआ।

लेकिन आज नायडू फिर से ताकतवर हैं और हैदराबाद नगर निगम चुनाव में वे अपनी ताकत आजमा रहे हैं। यही वजह है कि वे तेलंगाना में अपनी पार्टी को पुनः खड़ा करने की बात कर रहे हैं।

## 'आर्थिक स्थिति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तरीके से रह रहा था, लेकिन वह उसे उसकी जानकारी के बिना ही गलत तरीके से भारत में ले आई। बच्चे के प्रति उसका व्यवहार भी सही नहीं है। इसलिए उसे उसके बच्चे की कस्टडी दिलवाई जाए। इसके विरोध में पत्नी की ओर से कहा गया कि बच्चे की उम्र 7 साल है और वह उसकी अच्छी तरह से देखभाल कर रही है और सबसे करीबी भी है। याचिकाकर्ता का यह आरोप भी गलत है कि उसका बच्चे से अच्छा बर्ताव नहीं है, बच्चा अपनी मां के साथ अच्छी तरह से रह रहा है। इसलिए ऐसा कोई भी कारण नहीं है कि बच्चे की कस्टडी मां से लेकर दुबई में रह रहे पिता को सौंप दी जाए।

खंडपीठ ने मां के पक्ष में फैसला देते हुए बच्चे को मां के साथ ही रहने और पिता को मिलने-जुलने की छूट देते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया है।

# राहुल ने कश्मीर में प्रचार की शुरुआत मोदी के खिलाफ बड़े ही आक्रामक अंदाज़ में की

## राहुल गांधी ने कहा हमने प्रधानमंत्री मोदी को मानसिक रूप से परेशान कर दिया है, उनका आत्मविश्वास ही गायब हो गया है, अब वे सीना तानकर नहीं चलते

- राहुल गांधी ने कहा भाजपा वालों ने पहले कहा कि जाति जनगणना नहीं होगी। अब आर.एस.एस. के लोग कह रहे हैं कि जाति जनगणना सही बात है। पहले उन्होंने कहा कि लेटरल एंट्री से बाहर के लोगों को सरकार में लाएंगे। थोड़ा सा दबाव डाला तो भाजपा बोली ऐसा नहीं होगा। इससे आप यह समझ लीजिए कि नरेंद्र मोदी अब देश की जनता से डरते हैं।

श्रीनगर, 4 सितम्बर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज से जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। कांग्रेस लीडर ने कहा कि हमने नरेंद्र मोदी को मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। उनका आत्मविश्वास ही गायब हो गया। उन्होंने पहले कहा कि जाति जनगणना नहीं होगी। अब आर.एस.एस. के लोग कह रहे हैं कि यह सही बात है। पहले उन्होंने कहा कि लैटरल एंट्री से बाहर के लोगों को सरकार में लाएंगे। थोड़ा सा दबाव डाला तो भाजपा बोली ऐसा नहीं होगा। आप यह समझ लीजिए कि नरेंद्र मोदी अब देश की जनता से डरते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि थोड़ा ही समय बचा है और हम नरेंद्र मोदी एवं भाजपा को सत्ता से हटा देंगे।

उन्होंने कहा कि पहले नरेंद्र मोदी जी सीना फैला कर आते थे, अब ऐसा नहीं है। पहले बड़े-बड़े भाषण देते थे। अब संसद में जाने से पहले संविधान को सिर पर रखा और फिर अंदर गए। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि एक राज्य से उसका दर्जा छीन लिया गया और यूटी बना दिया। हमने तय किया है कि सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना है। आपका धन छीना जा रहा है। आपकी जमीन छीनी जा रही है। आपका पैसा बाहर के लोगों को दिया जा रहा है। सारे ठेके बाहर के लोगों को मिल रहे हैं। हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने का होगा। हम चाहते हैं कि पहले आपको राज्य का दर्जा मिले और फिर चुनाव हो।

भाजपा ऐसा नहीं चाहती और उनका कहना है कि पहले चुनाव हो फिर राज्य के दर्जे पर बात होगी। हम कहते हैं कि भाजपा चाहे या न चाहे, लेकिन इंडिया अलायंस इतना दबाव डालेगा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देना ही होगा। राहुल ने कहा,हम सभी जानते हैं कि यहां बिजली परियोजनाएं बनाई जा रही हैं। कहा गया कि आपको फ्री में बिजली मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। चुनाव में हम जीतेंगे तो यह काम कर के देंगे। आप देश के लोगों को बिजली दे रहे हो, लेकिन आपकी जेब से ही पैसा भी लिया जा रहा है। पूरे देश में नरेंद्र मोदी ने बेरोजगारी फैलाई है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600